आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 09.01.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- केंद्र ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से तपेदिक को समाप्त करने के लिए सौ दिन का अभियान चलाने को कहा।
- कलकत्ता उच्च न्यायालय के पोर्ट ब्लेयर सर्किट बेंच में आज अधिवक्ताओं के लिए दस वीडियो कांफ्रेंसिंग कैबिनों का उद्घाटन किया गया।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने स्पैडेक्स मिशन के अंतर्गत अपने दो उपग्रहों के डॉकिंग प्रयोग को पुनः स्थगित किया।
- राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज देहरादून में जनवरी दो हजार छब्बीस में कक्षा आठवीं में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।
- चेन्नई से आ रहे जलयान सिंधु के कल सुबह छः बजे तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है।

<><><><><><><>

गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से अनुरोध किया है कि वे देश से तपेदिक रोग समाप्त करने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता के तहत जेलों और सुधार संस्थानों में क्षय–रोग उन्मूलन के लिए सौ–दिन का अभियान शुरू करें। मंत्रालय ने एक पत्र के जरिए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से जांच शिविर आयोजित करने और सभी जेलों में तपेदिक रोग से संबधित सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री प्रदर्शित करने को कहा है।

<><><><><><><>

कलकत्ता उच्च न्यायालय के पोर्ट ब्लेयर सर्किट बेंच में आज अधिवक्ताओं के लिए दस वीडियो कांफ्रेंसिंग कैबिनों का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति टी. एस. शिवगनानम ने वर्चुअल माध्यम से इसका उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वीडियो कांफ्रेंस कैबिन भारत में उच्च न्यायालयों के सर्किट बेंच में अपनी तरह की पहली पहल है। इससे अधिवक्ताओं को सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय और अन्य न्यायालयों तक आसान पहुंच का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मधुरेश प्रसाद, द्वीपसमूह के प्रभारी न्यायाधीश न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य, अतिरिक्त प्रभारी न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी और अन्य न्यायमूर्ति उपस्थित थे।

<><><><><><><>

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव में द्वीपसमूह के स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थी भी भाग लेंगे। इसमें भाग लेने के लिए द्वीपों का तेरह सदस्यीय दल आज मुख्य भूमि के लिए रवाना हो गया।

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने स्पैडेक्स मिशन के अंतर्गत पृथ्वी की निचली कक्षा में घूम रहे अपने दो उपग्रहों के डॉकिंग परीक्षण को एक बार फिर स्थगित कर दिया है। अंतरिक्ष एजेंसी ने अपने ट्वीट में कहा कि दो उपग्रहों के बीच अत्यधिक विचलन होने पर डॉकिंग को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। इसरो को दोनों उपग्रहों के बीच अधिक विचलन का पता तब चला, जब वह दोनों के बीच की दूरी को दो सौ पच्चीस मीटर तक कम करने की कोशिश कर रहा था। इसरो ने पहले उपग्रहों की डॉकिंग सात जनवरी और उसके बाद आज निर्धारित की थी। ट्वीट में कहा गया है कि उपग्रह SDX-01 को चेजर और SDX-02 को टार्गेट के नाम से भी जाना जाता है। इसरो ने कहा है कि दोनों उपग्रह SDX-01 और SDX-02 सुरक्षित हैं और सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। इसरों ने PSLV–C60 रॉकेट से तीस दिसंबर को उपग्रहों को उनकी इच्छित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया था।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज देहरादून में जनवरी दो हजार छब्बीस में कक्षा आठवीं में छात्र–छात्राओं के प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। परीक्षा एक जून को आयोजित कराई जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदन प्रपत्र और बुकलेट आर. आई. एम. सी. से प्राप्त किए जा सकते हैं। आर. आई एम सी के वेबसाईट पर जाकर सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार छः सौ रूपए और अनुसूचित जाति और जनजाति के उम्मीदवार पांच सौ पचपन रूपये का भुगतान कर आवेदन प्रपत्र हासिल कर सकते हैं। डिमांड ड्राफ्ट भेज

कर भी आवेदन प्रपत्र मंगाया जा सकता है। सिर्फ आर. आई एम सी द्वारा जारी किए गए आवेदन प्रपत्र ही वैध माने जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार इक्कतीस मार्च तक टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के पते पर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी ने ऑयल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से प्रणब कन्या संघ में ग्यारह बाल देखभाल संस्थानों को एल ई डी टी वी वितरित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। यह पहल यहां रहने वाले बच्चों की स्थिति में सुधार लाने और उनके कल्याण के लिए चल रहे प्रयासों का एक हिस्सा है। सोसाइटी की कार्यक्रम प्रबंधक रेहनत बेगम ने सरकार की मिशन वात्सल्य योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के संरक्षण और कल्याण की जानकारी दी। ऑयल इंडिया लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक संजीब कुमार गोगोई ने इस पहल में कम्पनी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में समाज कल्याण निदेशक रविन्दर कुमार और मिशन वात्सल्य के नोडल अधिकारी ए के बिश्वास और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय के विभागीय प्रशिक्षण केन्द्र और अन्य प्रतिष्ठानों के माध्यम से कारपेंटरी, सामान्य इंजीनियरिंग, बेंत तथा बांस और सिलाई तथा परिधान निर्माण में एक वर्षीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। पच्चीस उम्मीदवारों के साथ दस प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों का अंतिम रूप से चयन किया गया है। चयनित उम्मीदवारों की सूची उद्योग निदेशालय के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। चयनित उम्मीदवारों को सात दिनों के भीतर अपने मूल प्रमाणपत्रों और इसकी सत्यापित प्रतिलिपि के साथ विभाग के प्रशिक्षण प्रकोष्ठ से संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

चेन्नई से आ रहे जलयान सिंधु के कल सुबह छः बजे तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है। जलयान में दो सौ अस्सी से अधिक यात्री सवार है। इससे एक सौ दस से अधिक मिट्रिक टन माल लाया जा रहा है। जलयान हैड्डो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला परियोजना अधिकारी की ओर से ज़िला स्तरीय योग ओलम्पियाड का आयोजन किया गया। विम्बर्लीगंज, लिटिल अंडमान और दक्षिण अंडमान के स्कूली विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। यह प्रतियोगिता टीचर्स होम में आयोजित की गई। इस अवसर पर राज्य शिक्षा संस्थान की प्रधानाचार्या संगीता चांद मुख्य अतिथि थी। उन्होंने विजेताओं में पुरस्कारों और प्रमाणपत्रों का वितरण किया।

<><><><><><><>

हैडो राजकीय माध्यमिक विद्यालय ने आज अपना वार्षिक एथेलेटिक मीट का आयोजन किया। लालता सिंह मैदान में आयोजित इस खेलकूद उत्सव में वार्ड नम्बर दो के पार्षद आर. सोमेश्वर राव मुख्य अतिथि थे। उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि अंडमान लोक निर्माण विभाग की कनिष्ठ अभियंता इन्द्राणी सिंघा ने खेल के समापन की घोषणा की। इससे पहले स्कूल के प्रधानाध्यापक के. मोहन राव ने उपस्थिति का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक पीटी, डंबल और योग का प्रदर्शन किया गया। डेबोराह हाउस ने चैम्पियनशिप ट्रॉफी जीती।

इस बीच, एम ई एस सीनियर सेकेण्डरी स्कूल आज़ाद नगर ने भी आज अपना वार्षिक खेलकूद उत्सव मनाया। इस अवसर पर स्टीवर्टगंज के प्रधान एम के हुसैन मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने खेलों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के समूचित विकास, चरित्र निर्माण और अनुशासन के लिए आवश्यक है। समापन अवसर पर फरारगंज पंचायत समिति प्रमुख डी पदमावती ने विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों को अपनी नियमित पढ़ाई के साथ–साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

<><><><><><><>

कार निकोबार में भारी वर्षा के समाचार मिले हैं। इस क्षेत्र में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक एक सौ उनतालीस मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में सतहत्तर दशमलव दो मिलीमीटर, ननकौड़ी में अट्ठारह दशमलव दो और श्री विजयपुरम में दस दशमलव नौ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>